A

शिक्षा का अधिकार
सर्व शिक्षा अभियान
सब पढ़ें सब बढ़ें

709

दूसरा कार्यकालांत मूल्यांकन

2017-18

कक्षा-7

समयः 2 घंटे

हिंदी

- पंद्रह मिनिट का *कूल ऑफ टाइम* प्रश्न-पत्र वाचन के लिए है।
- छह गतिविधियों से किन्हीं **पाँच** गतिविधियों का उत्तर लिखें।

गतिविधि-1

सूचना : कवितांश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

सूरज दादा आग का गोला
बनकर क्यों फिरते हो?
किसे देख जलते हो इतना
क्यों तुम आग उगलते हो?
गुस्सा इतना क्यों है तुमको
ऐसे हमको मत देखो।
पता मुझे है जल-जलकर भी तुम
जग को जीवन देते हो।

(उगलना- വമിക്കുക)

क) **'सूरज स्वयं जलकर संसार को जीवन देता है'**- यह आशयवाली पंक्तियाँ कवितांश से चुनकर लिखें।

ख) कवितांश का आशय लिखें।

ग) कवितांश के लिए उचित शीर्षक लिखें।

गतिविधि-2

सूचना : बिंदुओं की सहायता से नीचे दिए प्रश्नों के उत्तर लिखें।

- जल एक बहुमूल्य चीज़
- जल प्रदूषण में रोक
- उपयोग में सतर्कता
- जल संरक्षण
- जीवनदाता

क) सही प्रस्ताव चुनकर लिखें।

- जल का सदुपयोग करें।
- जल का दुरुपयोग करें।

ख) जल संरक्षण की आवश्यकता पर एक लघु लेख तैयार करें।

गतिविधि-3

सूचना : समाचार पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।।

विश्व महिला दिवस मनाया गया

तृश्शूर : सरकारी यु.पी स्कूल वडुतला में 8 मार्च को विश्व महिला दिवस मनाया गया। प्रसिद्ध समाज सेविका उमा प्रेमन ने समारोह का उद्घाटन किया। 'भारत के भविष्य निर्माण में महिलाओं और बालिकाओं का महत्वपूर्ण स्थान है। बेटी बचाओ... बेटी पढ़ाओ...यही आज का नारा है '- उन्होंने कहा। समारोह में विविध कार्यक्रम चलाए गए।

क) सही प्रस्ताव चुनकर लिखें।

- समाज में केवल पुरुष का अधिकार है।
- समाज में स्त्री और पुरुष दोनों का समान अधिकार है।
- समाज में पुरुष का कोई अधिकार नहीं है।
- समाज में स्त्री का कोई अधिकार नहीं है।

ख) **स्त्री सशक्तीकरण** विषय पर एक पोस्टर तैयार करें।

गतिविधि-4

सूचनाः नीचे दिए खंड पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

साजन स्कूल जा रहा था। साजन ने देखा कि कुछ छोटे बच्चे तालाब से कमल के फूल तोड़ रहे हैं। अचानक उनमें से एक बच्चा तालाब में डूबने लगा। जल्दी ही साजन ने तालाब में कूदकर उसकी रक्षा की। सारे गाँववालों ने साजन की प्रशंसा की।

क) साजन कहाँ जा रहा था?

(बाज़ार जा रहा था, स्कूल जा रहा था, घर जा रहा था)

ख) साजन की उस दिन की डायरी लिखें।

गतिविधि-5

सूचना: नीचे दिए गद्यांश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

एक राजा ने चाहा कि उसके महल में एक ऐसा दरवाज़ा हो, जिससे सिर्फ वही घुस पाए, कोई और नहीं। मंत्री ने राजा का शक्ल देखने पर खुलनेवाला एक दरवाज़ा बनवाया। एक आदमी ने राजा की तस्वीर दिखाकर दरवाज़ा खोल दिया। फिर राजा ने अपनी आवाज़ सुनने पर खुलनेवाला दरवाज़ा बनवाने का निर्देश दिया।

क) दरवाज़ा बनवाने के लिए मंत्री बढ़ई के पास पहुँचा। मंत्री और बढ़ई के बीच का वार्तालाप लिखें।

ख) आदमी ने दरवाज़ा खोलने के लिए क्या उपाय किया?

ग) सही वाक्य चुनकर लिखें।

- राजा का तस्वीर दिखाया।
- राजा की तस्वीर दिखाई।
- राजा की चित्र दिखाया।

गतिविधि-6

सूचना: कहानी का अंश पढ़ें और प्रश्नों के उत्तर लिखें।

विश्वनाथ ने मुस्कराकर समझाया -"अरे भाई! अपने शरीर को इतना मूल्यवान समझते तो तुम गरीब कैसे हो। जाओ, तुम्हारा शरीर ही एक अनमोल खजाना है, इसका उपयोग करो।" विक्रम की आँखें खुल गईं।

क) रेखांकित भाग का मातृभाषा में अनुवाद करें।

ख) किसकी आँखें खुल गईं?

(विश्वनाथ की, विक्रम की, किसान की, आदमी की)

ग) तुम्हारा शरीर ही एक अनमोल खज़ाना है। यह किसने कहा? किससे कहा?